

# जिला चिकित्सालय परिसर में फिर अराजक हुई पार्किंग व्यवस्था

## बेतरतीब वाहनों की कतार के बीच फंसी एंबुलेंस, हलाकान होते रहे गंभीर मरीज और उनके परिजन

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी. जिला चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग पर सुचारु यातायात के प्रयास भले ही समय समय पर किए जाते रहे हों लेकिन परिसर के अंदर अराजक हो चुकी व्यवस्था पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।**

नतीजतन अराजक हो चुकी पार्किंग व्यवस्था के चलते एक ओर एंबुलेंस जाम में फंस जा रही है। वहीं गंभीर मरीज और उनके परिजन हलाकान हुए जा रहे हैं जिला चिकित्सालय परिसर में घोषित स्थल पर पार्क भले ही नहीं नहीं बन पाया हो, लेकिन उस स्थान पर पार्किंग ठेकेदार को अवैध वसूली करने की खुली छूट देकर मरीजों की जान को सांसत में डालने का कार्य जरुर किया जा रहा है. आलम यह है कि एक ओर जहां बेतरतीब खड़े वाहनों से अवैध वसूली कर पार्किंग ठेकेदार की जेब भर रही है वहीं दूसरी और जाम में फंसकर मरीज मौत से जूझते नजर आ रहे हैं. वहीं इस मामले में अस्पताल प्रशासन की चुप्पी लोगों के गले नहीं उतर रही है. तत्कालीन वन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था. उस दौरान तत्कालीन मंत्री द्वारा जिला चिकित्सालय के पार्किंग स्थल को पीछे की ओर तैयार करने और मुख्य द्वारा के सामने के स्थान को पार्क के तौर पर विकसित करने की घोषणा की गई थी. जिसके बाद अस्पताल परिसर में ट्रामा सेंटर के सामने पड़ी खाली जमीन को पार्किंग स्थल के तौर पर निर्धारित कर दिया गया. इसी पार्किंग स्थल में खड़े होने वाहनों से शुल्क वसूली के लिए हर वर्ष अस्पताल प्रशासन की ओर से



टेंडर भी निकाला जाता है. जबकि मुख्य द्वारा के सामने के स्थल को पार्क के तौर पर विकसित किए जाने की तत्कालीन मंत्रीजी की घोषणा आज तक अमल में नहीं आ सकी. जिसकी परिणिति यह हुई कि अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल में खड़े होने वाले वाहनों से शुल्क वसूलने के बजाए ठेकेदार के गुर्गों द्वारा समूचे परिसर पर ही कब्जा जमा लिया गया. आलम यह है कि अस्पताल परिसर में किसी भी कोने में वाहन के खड़े होते ही ठेकेदार के गुर्गे उस पर चैन लगा देते हैं. जिसके बाद बतौर जुर्माना 500 रु की मांग कर दी जाती है. नहीं देने पर वाहन को कोतवाली भेजने की धमकी दी जाती है. हालात के मारे मरीज के परिजनों को आखिरकार ठेकेदार के गुर्गों को 300 से लेकर 500 रु प्रति वाहन की भेंट चढ़ानी पड़ती है. तब कहीं जाकर वाहन उनके कब्जे से मुक्त हो पाता है. इस मामले में अस्पताल चौकी का स्टाफ भी पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों की अवैध वसूली का खुला समर्थन करता नजर आता है. बताया गया कि समर्थन पाने के लिए पार्किंग ठेकेदार द्वारा अस्पताल चौकी को प्रतिदिन 300 रु का सेवा शुल्क भी पहुंचाया जाता है. लिहाजा इस समूची व्यवस्था का लाभ जहां पार्किंग ठेकेदार की जेब में पहुंच रहा है. इतना ही नहीं बल्कि अस्पताल में ऐसे वाहन और आटो से भी अवैध वसूली कर ली जाती है जो मरीज को छोड़कर कर सीधे वहां से लौट जाते हैं. वहीं अराजक व्यवस्था का खामियाजा उन गंभीर मरीजों को उठाना पड़ता है जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है. लेकिन वे जाम के चक्कर में फंसकर कराहने के लिए मजबूर दिखाई देते हैं.

### व्यवस्था छोड़ वसूली पर जोर

जिला चिकित्सालय परिसर में अनाधिकृत स्थल पर वाहनों के खड़े होने के मामले में कार्रवाई करने का अधिकार यातायात पुलिस अथवा नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते को होता है, लेकिन इसके बावजूद भी अपने स्तर पर ही समानांतर व्यवस्था बनाकर ठेकेदार के गुर्गे हर रोज उस स्थान पर अवैध वसूली कर रहे हैं, जो उनके कार्यक्षेत्र के बाहर है. जिसके चलते परिसर में आए दिन जाम और विवाद की स्थिति बनी रहती है. ऐसा भी नहीं है कि अस्पताल प्रशासन इन स्थितियों से वाकिफ नहीं है. लेकिन अवैध वसूली को खुली छूट और अराजक पार्किंग के जरिए कौन सी व्यवस्था बनाई जा रही है यह लोगों की समझ से परे है.

# महज 24 घंटे में सामान्य से 4 डिग्री ऊपर चढ़ा पारा

## गणतंत्र दिवस तक मौसमी फेरबदल के आसार नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी. पिछले 2 दिनों से दिन और रात के तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी में सोमवार को एकाएक परिवर्तन देखने को मिला. महज 24 घंटे के भीतर दिन और रात के तापमान में सामान्य की तुलना में 4 डिग्री से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज कर ली गई. हलांकि इसके बावजूद भी हाल फिलहाल में बारिश होने की कोई संभावना बनती नजर नहीं आ रही है.**

मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. पिछले 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान में जहां 0.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी देखने को मिली. वहीं सामान्य की तुलना में दिन का पारा 4.5 डिग्री ऊपर चढ़ गया. इसी कड़ी में न्यूनतम तामपान में भी 24 घंटे के भीतर 4.2 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखने को मिली. इतना ही नहीं बल्कि रात का तापमान सामान्य की तुलना में 4 डिग्री अधिक पाया गया. इसके साथ ही आसमान में आसमान में बादलों की हल्की परत मंडराने का क्रम भी शुरु हो गया. शाम के समय बादलों की बढ़ती हलचल को देखते हुए लोगों को बारिश की संभावना नजर आने लगी. लेकिन मौसम विभाग द्वारा इस बात की प्रबल संभावना जताई गई कि अगले 5 दिनों तक बारिश नहीं होगी. मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभी की श्रंखला और मैदानी हिस्से पर चक्रवाती असर के कारण उसका असर विंध्य क्षेत्र में देखने को मिल रहा है. जिसके चलते अगले कुछ दिनों तक दिन और रात के तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी. गणतंत्र दिवस तक यह असर जारी रहने की संभावना है. वहीं पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने पर एक बार फिर से न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी.



# सरेबाजार किया चाकू से हमला, दबोचे गए तीन आरोपी

## पन्नीलाल चौक में की थी वारदात

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी. शहर के बाजार क्षेत्र के प्रमुख स्थल पन्नीलाल चौक के निकट सरे आम चाकू मारने की घटना ने आस पास के क्षेत्र में दहशत फैला दी. पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

शहर के लालता चौक निवासी शिवांश विश्वकर्मा रात के लगभग साढ़े 10 बजे अपने मित्र विक्की वर्मा और शुभम अहिरवार के साथ अपने घर की ओर जा रहे थे. जैसे ही वे पन्नीलाल चौक के निकट सौखीलाल लस्सी वाले की दुकान के पास पहुंचे वैसे ही ईश्वर बाल्मीक पिता शारदा उम्र 27 वर्ष, दीपक गुप्ता उर्फ ऋतिक पिता राजेश उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी पुरानी आबकारी और अमित बेल्दार पिता राकेश उम्र 19 वर्ष निवासी अहिरान टोला तीनों वहां पहुंच गए और गाली-गलौच करने लगे. इसी दौरान दीपक उर्फ ऋतिक ने चाकू से विक्की पर हमला कर दिया. जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करने के बाद तीनों आरोपी वहां से निकल गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की. छापेमारी करते हुए एक एक करके तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया.

# नाला निर्माण की भेंट चढ़ने लगा करोड़ों की लागत से बना साइकिल ट्रैक

## पन्ना नाका मार्ग पर शुरू हुई ट्रैक की तुड़ाई, जलभराव की समस्या से राहत का दिलाने का दावा

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 जनवरी. स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की लागत से बने साइकिल ट्रैक को तोड़े जाने का काम शुरू हो गया है।**

शहर के पश्चिमी हिस्से में हाइवे के किनारे बनाए गए इस साइकिल ट्रैक पर सोमवार को जेसीबी मशीन चला दी गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई नाला निर्माण के चलते की जा रही है, जिससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की



समस्या से राहत मिलने का दावा किया जा रहा है। पन्ना नाका स्थित कल्याण पेट्रोल पंप के पास पहले ही नाला निर्माण और रोड क्रॉसिंग के लिए पाइप डाली जा चुकी है, जबकि अब साइकिल ट्रैक वाली साइड में नाला बनाया जाना है। इसी वजह से ट्रैक को तोड़ा जा रहा है और इस नाले को आगे चलकर पतेरी नाला से जोड़ा जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर स्मार्ट सिटी योजनाओं की उपयोगिता और योजना पर सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया गया, यह साइकिल ट्रैक शुरू से ही विवादों में रहा है।

पन्ना नाका से सोहावल तक बनाए गए इस ट्रैक पर साइकिल चलाने का उद्देश्य लगभग कभी पूरा नहीं हो सका। साइकिल चालकों के बजाय यह ट्रैक धीरे-धीरे अवैध कब्जों का केंद्र बन गया, जहां सब्जी ठेले, चाय-पान की दुकानें और वाहनों की पार्किंग आम नजारा बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से यह ट्रैक बनाया गया था, उस पर कभी गंभीरता से अमल नहीं हुआ।

### जिम्मेदारों की दूरअंदेशी पर सवाल

अब नाला निर्माण के नाम पर इस साइकिल ट्रैक को तोड़े जाने से करोड़ों रुपये के खर्च पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि शुरुआत में ही बेहतर योजना बनाई जाती और जल निकासी की समस्या को ध्यान में रखकर विकास कार्य किए जाते, तो आज इस तरह से बनी हुई संरचनाओं को तोडने की नौबत नहीं आती। स्मार्ट सिटी के नाम पर किए गए कई प्रोजेक्ट्स पहले ही जनता की आलोचना का सामना कर रहे हैं और साइकिल ट्रैक का यह हश्र उसी कड़ी का एक और उदाहरण माना जा रहा है।

### कितना कारगर साबित होगा दावा

निगम प्रशासन का तर्क है कि नाला निर्माण के बाद उमरी क्षेत्र में होने वाले भारी जलभराव से राहत मिलेगी, जो बरसात के मौसम में लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनता रहा है। हालांकि सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या इस राहत के लिए पहले से बनी करोड़ों की संरचना को नष्ट करना ही एकमात्र विकल्प था। शहर में यह चर्चा जोरों पर है कि स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कई कार्य न तो जमीनी जरूरतों के अनुरूप हैं और न ही दीर्घकालिक योजना का हिस्सा, जिसके चलते बार-बार बदलाव और तोड ?ड़ करनी पड़ रही है।

### किसान जन आंदोलन सभा एवं नव वर्ष मिलन समारोह आज

**सतना , 19 जनवरी.** जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बताया कि सतना जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे भरहुत गार्डन सिविल लाइन सतना में किसान जन आंदोलन सभा एवं नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया है।

# ई-रिक्शा में मिली 63 लीटर अवैध शराब, नशे की तस्करी कर रहे 3 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी. मैहर नगर में शराबबंदी लागू होने और पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने के बावजूद भी कुछ लोग नशे का अवैध कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं. इसी कड़ी में ई रिक्शा के जरिए शराब की तस्करी कर रहे 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पकड़ी गई 63 लीटर शराब की कीमत 28 हजार रु आंकी गई.**



कोतवाली थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि ई रिक्शा में अवैध शराब लोड कर ले जाई जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम पौड़ी पुल के पास पहुंचकर छापेमारी की. इस दौरान ई रिक्शा में सवार होकर मैहर की ओर आते हुए 3 व्यक्ति नजर आ गए. जिन्हें रोककर पूछताछ की गई. पूछताछ में तीनों व्यक्तियों की पहचान प्रवेश तिवारी पिता लल्ला उम्र 32 वर्ष, राहुल सेन पिता चुन्नी लाल 23 वर्ष और लक्ष्मण सेन पिता अशोक उम्र 34 वर्ष तीनों निवासी मानपुर वार्ड क्र. 9 के तौर पर हुई. वहीं तलाशी लिए जाने पर आटो में 3 बोरियां रखी मिलीं. जिन्हें खोलकर देखने पर अवैध शराब भरी मिली. आटो में कुल 63 लीटर अवैध शराब पाई गई. जिसकी कीमत 28 हजार रु आंकी गई. यह देखते हुए तीनों आरोपिओं को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# बालिका की तलाश में जंगल में सर्चिंग जारी

▶ दो दिन से लापता है बच्ची

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 जनवरी. घर से भैंस चराने के लिए निकली बालिका का दो दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा जंगल में सर्चिंग करते हुए लापता बालिका की तलाश की जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की निवासी बालिका दो दिन पहले अपने घर से भैंस चराने के लिए निकली थी। बताया गया कि वह भैंस चराने के लिए गांव के निकट स्थित जंगल की ओर गई थी। लेकिन तब से वह वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद जब बालिका नहीं मिली तो थाने पहुंचकर शिकायत की गई। लेकिन इस मामले को लेकर थाना पुलिस पर निष्क्रियता बरतने के आरोप लगने लगे। वहीं अनहोनी की आशंका से परिजनों द्वारा एसडीओपी ख्याति मिश्रा से गुहार लगाई गई। लिहाजा एसडीओपी के निर्देश पर ताला थाना प्रभारी ने दलबल के साथ जंगल में सर्चिंग करते हुए लापता बच्ची की तलाश शुरू कर दी। गांव से सटे जंगलों में सर्चिंग करने के साथ ही आस पास के लोगों से पूछताछ भी की गई। लेकिन इसके बावजूद भी बालिका के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

# कानपूर सेंट्रल से एलटीटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी। रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्द्येश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपूर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल के बीच अतिरिक्त पाँच-पाँच ट्रिप स्पेशल फेयर पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।**

इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है ट्रेन संख्या 04151/04152 कानपूर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन (05-05 ट्रिप) गाड़ी संख्या 04151 कानपूर सेंट्रल-एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 30 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर सतना रात 21.05 बजे, कटनी 22.20 बजे, जबलपुर 23.30 बजे, पहुँचकर अगले दिन इटारसी 03.25 बजे और शनिवार दोपहर 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04152 एलटीटी-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार दिनाँक 31 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सायं 17.15 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन इटारसी मध्यरात्रि 02.55 बजे, जबलपुर सुबह 06.15 बजे, कटनी 07.25 बजे, सतना 08.40 बजे, पहुँचकर और रविवार दोपहर 15.45 बजे कानपूर सेन्ट्रल पहुँचेगी।


## एक नजर में



### मैहर में अभिनय की पाठशाला

**सतना.** संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा मैहर जिले में रंगमंच के विस्तार और प्रशिक्षण के उद्देश्य से नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह बाल सह युवा नाट्य कार्यशाला मैहर ज़िला प्रशासन, ग्राम पंचायत झिन्ना तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय झिन्ना के सहयोग से विद्यालय परिसर में संचालित की जा रही है। कार्यशाला का निर्देशन रंगकर्मी अजय दाहिया द्वारा किया जा रहा है।

### भजन संध्या व संकीर्तन का आयोजन



**सतना।** श्री रामानुज वैष्णव मंडल, सतना के तत्वावधान में जकीरा बस्ती, घूरडांग स्थित वृन्दावन मैरिज गार्डन के सामने एक भव्य भजन संध्या एवं संकीर्तन कार्यक्रम का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजन किया गया। यह आयोजन परम भागवत श्रीमती पूनम गुप्ता एवं संदीप गुप्ता के निज निवास पर सायं 4.00 बजे से 7.00 बजे तक संपन्न हुआ।



### सोहावल बाईपास में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया

**सतना-** केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड ने 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में सतना के सोहावल बाईपास मेन रोड पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज तंतुवे, महाप्रबंधक दैनिक समाचार पत्र, पंकज शुक्ला, यातायात निरीक्षक (टीआई), यातायात पुलिस सतना, जुनिद शेख, उप प्रबंधक दैनिक समाचार पत्र उपस्थित रहे। दैनिक समाचार पत्र के अधिकारियों और केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड के कर्मचारियों ने भी इसमें सहयोग में शामिल रहे



# एकेएस के 12 विद्यार्थियों का इंदू प्रोजेक्ट्स लिमिटेड में चयन

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 जनवरी. ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के लिए यह समय उपलब्धियों से भरा हुआ है।**

विश्वविद्यालय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के 2026 बैच के 12 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित अभियंत्रण कंपनी में हुआ है। यह चयन प्रशिक्षण-सह-नियोजन अवसर के अंतर्गत प्रशिक्षु अभियंता पद के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को झारखंड में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इस औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ड्ड ईसीसीएल की प्रमुख इकाई से भी जुड़ने का अवसर मिलेगा। यहां विद्यार्थी भूमिगत कोयला खनन से संबंधित वास्तविक परियोजनाओं, सुरक्षा मानकों, विद्युत-यांत्रिक प्रणालियों तथा खदान संचालन की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। इससे उन्हें खनन एवं आधारभूत संरचना क्षेत्र का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस चयन में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 7 तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 5 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। चयनित विद्यार्थियों में राकेश सिंह रघुवंशी, सुनील कुशवाहा, शुभम रत्नाकर, अनिल कुमार, रवि सागर, साकेत, प्रियांशु सोनी, कौशल कुमार, दीपेंद्र कुमार वर्मा, मुकेश कोरी, वीरेंद्र मल्लाह, राम कुशल यादव, मनोज यादव एवं प्रशांत कुमार शामिल हैं।

# स्वशासी में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय (स्वयशासी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र राय के मार्गदर्शन में ''भारतीय ज्ञान परंपरा-विविध संदर्भ'' विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।**

वेबीनार का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जंवलन कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ तथा स्वागत भाषण में उनके द्वारा वेबीनार के विषय का प्रवर्तन किया गया तथा आज के युग में भारतीय ज्ञान परंपरा की उपयोगिता एवं शासन द्वारा हमारी संस्कृति से परिचित कराने हेतु किये जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया। राष्ट्रीय वेबीनार के प्रथम विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर रामनारायण त्रिपाठी वरिष्ठ प्राध्यापक समाजशास्त्र काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी रहे जिनका परिचय महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विनोद कुमार रस्तोगी द्वारा दिया गया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने भारतीय ज्ञान परंपरा का परिचय देते हुए भारत से भारत का, भारत में भारत का व भारत में भारत भूमि का भी परिचय दिया तथा बताया कि कर्म की श्रेष्ठता ज्ञान से होती है वह ज्ञान जो मानवता का कल्याण करें। इस प्रकार उन्होंने भारत की सम्वेपत संस्कृति पर प्रकाश डाला।

### महाशिवरात्रि में तेरहवें वर्ष शंकर भगवान की बारात निकलेंगी

**सतना 19 जनवरी** । तमसांचल युवा मंडल द्वारा बारह वर्षों की भांति तेरहवें वर्ष भूतभावन भगवान शंकर माता पार्वती के विवाह बारात शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। चार मंदिर में धर्मप्रेमी कार्यकर्ता जनों की योजना बैठक हुई। योजना बैठक में युवा मंडल के संयोजक श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य आचार्य विनोद द्विवेदी ने बताया कि गल्ला मंडी शिवालय में 23 जनवरी बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर दोपहर 2 बजे से तिलकोत्सव, 5 फरवरी से लगातार महाशिवरात्रि तक सायं समय विभिन्न कार्यक्रम होंगे.

# कालीबाड़ी की प्राणप्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना,19 जनवरी. बंगाली समिति कालीबाड़ी का 37 वाँ प्राणप्रतिष्ठा दिवस विधि विधान से अनुष्ठान पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजन हवन पुष्पांजलि के साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ।**



समिति के संरक्षक दादा असीम बनर्जी अध्यक्ष भास्कर भट्टाचार्य जगदीशचन्द्र विश्वास सुभाष बनर्जी आंनद मुखर्जी विमल मित्रा पुलकरंजन पंडा कल्याण समाजदार कृष्णाराम चक्रवर्ती शशिभूषण भट्टाचार्य सुजीत सरकार सुप्रभात बोस देवव्रत नास्कर सहित महिला मंडल की सीमा भट्टाचार्य मौसुमी बनर्जी राखी मित्रा सपना मुखर्जी सहित ब?ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष भास्कर भट्टाचार्य ने बताया कि 19 जनवरी 1989 मां काली की मंदिर स्थापना हुई। यहाँ इशानी माँ काली जी की भव्य प्रतिमा विराजित है। तभी से मुख्यारगंज स्थित कालीबा?ी में ही समाज की समस्त गतिविधियां संचालित हो रही हैं। अनवरत प्रत्येक अमावस की रात्रि में यहां अनुष्ठान पूर्वक अमावस पूजा हवन इत्यादि संपन्न होते हैं। अमावस की रात मां काली पूजन का विशेष महत्व है। यह कालीबाड़ी अत्यंत जागृत मंदिर माना जाता है। यहां सभी समाज के श्रद्धालु भक्तजन आकर अपनी मनोकामना पूरी करते हैं। विविध समाज के लोग यहां मन्नत मांगते हैं भंडारा करते हैं और अन्य प्रकार के मांगलिक कार्य माँ काली के चरणों मे अत्यंत आनंद पूर्वक संपन्न करते हैं।